जिले में विशेष वाहन जांच अभियान जारी

100 वाहनों पर लगभग 8 लाख रुपये से अधिक का लंबित चालान निर्गत

नवादा। जिलाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न स्थानों पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नवादा शहरी



क्षेत्र में धर्मशीला देवी हॉस्पिटल मोड़, सद्भावना चौक, रजौली चेकपोस्ट सहित विभिन्न स्थलों पर वाहन जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 100 वाहनों पर शमन की कार्रवाई करते हुए लगभग 8 लाख रुपये से अधिक का लंबित चालान निर्गत किया गया। इससे पूर्व 27 अक्टूबर 2026 को जिला परिवहन कार्यालय की प्रवर्तन टीम द्वारा 126 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन के विरुद्ध लगभग 12 लाख 67 हजार रुपये का चालान निर्गत किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में टोटो, टेम्पो एवं ई-रिक्शा के अवैध परिचालन पर रोक लगाने तथा अस्पतालों के आसपास एंबुलेंस की पार्किंग एवं परिचालन को नियंत्रित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बिना निबंधन टोटो/ई-रिक्शा के परिचालन के मामले में रंजन एंटरप्राइजेज (मिनी मेट्रो) को नोटिस निर्गत कर जवाब मांगा गया है। इसके अतिरिक्त, वाहनों में अनधिकृत बदलाव कर परिचालन करने के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान एक निजी विद्यालय के वाहन पर शमन की कार्रवाई करते हुए नोटिस निर्गत किया गया है तथा विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

जिले में परिचालित एंबुलेंस की जांच के लिए परिवहन प्रवर्तन पदाधिकारियों की टीम गठित की गई है। अस्पतालों के आसपास एंबुलेंस की अवैध पार्किंग, मनमाना किराया वसूलने तथा आवश्यक दस्तावेजों के बिना परिचालन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे वाहनों का परिचालन वैध निबंधन एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ करें। मालवाहक वाहनों में निर्धारित लदान क्षमता के अनुरूप ही सामान लोड करें।

दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत, सड़क जाम

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के विभिन्न सड़क मार्गों पर तेज रफ्तार की कहर लगातार जारी है। आए दिन थाना क्षेत्र के किसी न किसी सड़क मार्ग पर सड़क हादसे में लोगों की जान जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को वारिसलीगंज-पकरीबरावां पथ पर मोसमा मोड़ के समीप एक



तेज रफ्तार बाइक ने एक वृद्ध महिला बरती देवी में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद बाइक सवार युवक बाइक को छोड़कर फरार होने में सफल हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतका सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वारिसलीगंज-पकरीबरावां पथ को जाम कर वाहनों का परिचालन ठप कर दिया। वृद्ध महिला की पहचान मोसमा गांव निवासी प्रसादी मांझी की 80 वर्षीय पत्नी बरती देवी के रूप में हुयी है। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस तथा प्रखंड के पदाधिकारियों ने जाम स्थल पर पहुंच लोगों को समझा बुझाकर तथा सरकारी नियमानुसार मुआबजा दिलाने का आश्वासन देकर सड़क को जाम से मुक्त करा वाहनों का परिचालान शुरू कराया गया। तत्पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया।

नीरज कुमार की लगातार चौथी जीत पर मनाया जश्न

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) के नेता एवं एनडीए समर्थित उम्मीदवार नीरज कुमार की लगातार चौथी जीत पर अकबरपुर में एनडीए कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। जीत की खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं ने विभिन्न चौक-चौराहों पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान पटाखे फोड़कर और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया गया।



पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष एवं बीस सूत्री अध्यक्ष सूर्यमणि शरण उर्फ फुटुश बाबू ने कहा कि नीरज कुमार की लगातार चौथी जीत एनडीए की एकजुटता, मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि यह जीत स्नातक मतदाताओं के विश्वास और समर्थन को दर्शाती है। नीरज कुमार ने अपने कार्यों और अनुभव के बल पर मतदाताओं का भरोसा कायम रखा है। उनकी जीत से एनडीए कार्यकर्ताओं का मनोबल और मजबूत हुआ है। वहीं, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि नीरज कुमार की जीत एनडीए के लिए गौरव की बात है। लगातार चौथी बार जीत हासिल करना उनके राजनीतिक अनुभव और मतदाताओं के बीच उनकी स्वीकार्यता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए के कार्यकर्ताओं ने पूरी एकजुटता के साथ चुनाव में अपनी भूमिका निभाई। इस जीत से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यकर्ता आगे भी पूरी मजबूती से जनता के बीच काम करेंगे। चुनाव में नीरज कुमार का मुकाबला जनसुराज समर्थित उम्मीदवार डॉ. अनुज कुमार सिंह सहित अन्य प्रत्याशियों से था। चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा रही।

नीरज कुमार की जीत के बाद अकबरपुर सहित नवादा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एनडीए समर्थकों ने खुशी जाहिर की। जश्न में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष गौतम सोनी उर्फ लल्ला, पचरुखी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मचारी प्रसाद, सूरज राम, राजीव कुमार बॉबी, पप्पू साव, सुरेश प्रसाद वर्मा सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए नीरज कुमार की जीत को संगठन की बड़ी उपलब्धि बताया।

रोमांचक मुकाबले में नवादा बैरियर्स की जीत

नवादा। जिला क्रिकेट संघ नवादा के तत्वाधान में आयोजित नवादा प्रीमियर लीग के चौथे मैच में नवादा किंग का मुकाबला नवादा वॉरियर्स की टीम से हुआ, जिसमें नवादा किंग की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीच ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। नवादा किंग्स के बल्लेबाज रोशन यादव ने 43, पृथ्वी ने 32 तथा हर्ष ने 10 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए नवादा वॉरियर्स के गेंदबाज



अंकित ठाकुर ने दो विकेट जबकि निर्मल, अमन एवं हर्ष ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवादा बैरियर्स की टीम ने 20 में ओवर में पांच विकेट होकर 144 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें नवादा वॉरियर्स के बल्लेबाज अमन कुमार ने 27, दिलखुश ने 25, पीयूष राज ने 24, विक्रम ने 20 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया और मैच को जीत लिया। गेंदबाजी करते हुए नवादा किंग्स के गेंदबाज सनी राजवंशी ने दो जबकि प्रभाकर एवं आशीष ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह से इस रोमांचक मुकाबले को नवादा बैरियर्स की टीम ने 5 विकेट से जीत लिया। आज के मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले अमन को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी स्टेट पैनल अंपायर श्यामदेव कुमार के द्वारा दिया गया।

बाइक चोरी मामले में फरार युवक गिरफ्तार

सिरदला (नवादा) (संसू)। परना डाबर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के परिवहन से जुड़े मामले में फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान महुगांय गांव निवासी सुरेश चौधरी के पुत्र रोशन कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 सितंबर 2026 को खौरा गांव स्थित एक निजी विद्यालय के पीछे दो युवकों के बाइक के साथ मौजूद होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की थी। इस दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि रोशन कुमार मौके से फरार हो गया था। मामले की जांच के क्रम में बरामद मोटरसाइकिल गिरियक-पावापुरी क्षेत्र से चोरी की गई होने की जानकारी सामने आई थी। इस संबंध में संबंधित थाने में कांड संख्या 390/26 दर्ज किया गया था। पुलिस फरार युवक की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

31 को रोजगार मेला लगेगा

नवादा। जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 31.10.2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई), नवादा के प्रांगण में दिव्यांगजनों के लिए फ्लिपकार्ट, नवादा के विश मास्टर (डिलीवरी) के 16 रिक्त पदों पर नियोजन हेतु एकदिवसीय रोजगार कैम्प-सह-कैरियर तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन देने हेतु सेमिनार का आयोजन पूर्वाह्न 10ः30 बजे से अपराह्न 04ः00 बजे तक किया जाएगा। नियोजन कैम्प में मैट्रिक उत्तीर्ण दिव्यांग अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। वेतन 15,000 से 35,000 के साथ अन्य सुविधाएँ, जैसे ?27 लाख का इंश्योरेंस, इंसेंटिव एवं 3,000 रेफरल बोनस देय होगा। उम्र 18 से 33 वर्ष निर्धारित है। अभ्यर्थी के पास बाइक/इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल एवं स्मार्टफोन अनिवार्य हैं। कार्यस्थल नवादा है। इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आईडी कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई), नवादा के प्रांगण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 10ः30 बजे से अपराह्न 04ः00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी रोजगार पोर्टल एवं एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं, वही आवेदक रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे रोजगार पोर्टल एवं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। नियोजन की शर्तों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। नियोजनालय केवल सुविधाप्रदाता की भूमिका में होगा।

कांग्रेस नेता श्याम सुंदर कुशवाहा के निधन पर शोक

नवादा। बुधवार को कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही हाजीपुर के पूर्व मुखिया, वर्तमान पैक्स अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि श्याम सुंदर कुशवाहा का 91 वर्ष की आयु में निधन से नवादा जिला कांग्रेस कमेटी में शोक की लहर है उनके निधन से कांग्रेस परिवार ने एक समर्पित कांग्रेस सदस्य को खो दिया है। उनका निधन हम सभी कांग्रेस जनों के लिए अत्यंत दुखद और पीड़ा दायक है। जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके विचारों, आदर्शों और जन सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं। श्री प्रभाकर झा ने कहा कि उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है। श्री झा ने कहा कि उनका व्यक्तित्व जन सेवा के प्रति समर्पण, समाज के प्रति योगदान और पार्टी के प्रति वफादारी सदैव स्मरणीय रहेगा। नवादा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की और कहा कि दुःख की इस घड़ी में नवादा जिला कांग्रेस कमेटी शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों और शुभचिंतको को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

डीएम ने की रोगी कल्याण समिति की बैठक

ममता पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिला की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड

नवादा। बुधवार को जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि ममता की बहाली से संबंधित चयनित अभ्यर्थियों की सूची नवादा जिले के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करा दी गयी है। जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन, नवादा को निर्देश दिया कि ममता पद पर चयनित सभी अभ्यर्थियों का 07 नवंबर 2026 तक योगदान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगदान के समय सभी चयनित अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सकीय स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र



(मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी संबंधित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा, उप विकास आयुक्त, नवादा, सिविल सर्जन, नवादा, अस्पताल उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक तथा रोगी कल्याण समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होने जिले से 50 प्रतिभागियों का दल गुजरात रवाना

नवादा। बुधवार को गुजरात राज्य के एकता नगर (केवड़िया) में 31.10.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होने हेतु नवादा जिले से 50 प्रतिभागियों के दल को उप विकास आयुक्त, नवादा शंभू शरण पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं आपसी सद्भाव की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा नवादा जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

डॉ. संजीव कुमार की जीत से राजद कार्यकर्ताओं में खुशी

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। बिहार विधान परिषद के पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. संजीव कुमार की जीत पर बुधवार को अकबरपुर प्रखंड के नेमदारगंज पंचायत के मुखिया व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जीत की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। इस मौके पर राजद के जिलाध्यक्ष उदय कुमार यादव के नेतृत्व में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. संजीव कुमार को जीत की बधाई दी और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष उदय कुमार यादव ने कहा कि डॉ. संजीव कुमार की जीत शिक्षक समुदाय के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। यह जीत शिक्षकों की समस्याओं, अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉ. संजीव कुमार विधान परिषद में शिक्षकों की आवाज बुलंद करेंगे तथा उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर समाधान की दिशा में सार्थक पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनकी जायज मांगों को सदन तक पहुंचाना समय की जरूरत है। जीत की खुशी में राजद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, उपसरपंच रंजन कुमार, मनीष माधव, मेराज खान, राजकुमार यादव, गणेश यादव सहित दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

साइको पति ने टांगी से पत्नी पर हमला कर किया लहूलुहान, गिरफ्तार

रजौली (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के पास डेलवा नावाडीह गांव में एक साइको पति से उसकी पत्नी काफी परेशान है। पति-पत्नी के मामूली विवाद में पति ने पत्नी पर टांगी से जानलेवा कर दिया। इस हमले में पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई,जिसे लहूलुहान स्थिति में झारखंड के कोडरमा अस्पताल में इलाज करवाया गया। घटना के बाद पीड़ित सविता सिंह उर्फ सविता देवी की मां ने रजौली थाने को लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी एवं आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पीड़िता ने यह भी कहा कि मामूली बातों पर अक्सर पति के प्रताड़ना से परेशान थी। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद में पति द्वारा पत्नी पर जानलेवा हमला करने को लेकर लिखित शिकायत प्राप्त हुआ था। आवेदन दिए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थाने में पदस्थापित एसआई मनोरंजन शर्मा ने आरोपी पति डेलवा नावाडीह गांव निवासी राधे सिंह के पुत्र हीरामन सिंह को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी से आवश्यक पूछताछ के बाद मेडिकल जांच करवाकर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

पकरीबरावां (नवादा) (संसू)। एसबीआई फाउंडेशन की उत्थान शिक्षा समिति ने पकरीवरवां प्रखण्ड के पोकसी गांव में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ भारत मिशन कैंप लगाया। कैंप में चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार एवं प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर संदीप कुमार पांडेय ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य में गहरा संबंध है। लोगों को बताया गया कि नियमित रूप से हाथ धोने, नहाने, साफ- सुथरा रहने से कई संक्रामक बीमारियों के खतरे को हद तक कम किया जा सकता है। बताया गया कि साफ-सुथरा वातावरण और अच्छी आदतों स्व मानसिक शांति मिलती है। तनाव कम हो जाता है। इस कारण व्यक्ति और उसके कार्यस्थल का स्वच्छ होना जरूरी है। इससे कार्यक्षमता अच्छा रहता है। इस बीच उत्थान शिक्षा समिति के कर्मियों ने गलियों और कम्युनिटी हॉल की सफाई की। गांववालों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए हिम्मत दी गई। मध्य विद्यालय पोकसी और और जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गांव में स्वच्छ भारत मिशन जागरूकता रैली निकाली। डॉ. प्रमोद कुमार ने बच्चों को हाथ धोना सिखाया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद कुमार, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर संदीप कुमार पांडेय, फार्मासिस्ट मो. तौहिद आलम, लैब टेक्निशियन शुभम कुमार, नर्स अनामिका सिन्हा, ड्राइवर रोहित कुमार, जानकी महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

शराब पीकर गाली गलौज करने की प्राथमिकी

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के पेंगरी ग्रामीण ज्वाला प्रसाद की पत्नी मंजू देवी द्वारा बेवजह शराब पीकर गाली गलौज करने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर दो लोगों को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि दुर्गा पूजा के दौरान ग्रामीण आकाश कुमार, दिलीप प्रसाद द्वारा शराब के नशे में गाली गलौज के साथ मारपीट किया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जमीनी विवाद को ले मारपीट में पांच आरोपित

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के मय ग्रामीण प्रहलाद सिंह की पत्नी रूबी देवी ने जमीन विवाद को ले मारपीट करने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर पांच लोगों को आरोपित किया है। प्राथमिकी में पीड़िता ने कही है कि 25 अक्टूबर को मेरे जमीन पर लगा वाहन व गाय भैंस को जब हटाने के लिए कहा गया तब उल्टे ग्रामीण सुबोध सिंह, राकेश सिंह, मोनू कुमार, छोटू कुमार एवं सोनू कुमार द्वारा खंती कुदाल लाठी डंडे से हमला कर मारपीट किया गया। इस क्रम में पीड़ित समेत तीन लोग जख्मी हो गए। स्थानीय सी एच सी में जख्मी की प्राथमिक चिकित्सा बाद पावापुरी विंस अस्पताल रेफर कर दिया गया।

रुद्र प्रताप सिंह बने 'हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स' के जिला सचिव

रजौली (नवादा) (आससे)। प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव निवासी कुणाल कुमार उर्फ रुद्र प्रताप सिंह को %हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स% बिहार का नवादा जिला सचिव मनोनीत किया गया है। संगठन के बिहार प्रदेश



मुख्यालय द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके इस मनोनयन से जिले के सामाजिक, शैक्षणिक और युवा जगत से जुड़े लोगों में भारी हर्ष और उत्साह का माहौल है। संगठन के प्रदेश सचिव बरुण कुमार सिंह ने राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. आनंद कुमार की सहमति से यह मनोनयन किया है, जिसकी अनुशंसा राज्य आयुक्त सह संयुक्त सचिव रंजीत चौहान ने की थी। प्रदेश नेतृत्व ने उनसे बिहार में स्काउटिंग गतिविधियों को सुदृढ़ करने की अपेक्षा जताई है। नवनियुक्त जिला सचिव रुद्र प्रताप सिंह ने अपनी प्राथमिकताएं साझा करते हुए बताया कि आगामी 15 दिनों के भीतर नवादा जिले की नई जिला कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर जिले के सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने की ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को इस संगठन से जोड़कर उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना है। रुद्र प्रताप सिंह की पहचान केवल संगठनात्मक कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में भी उनका विशिष्ट योगदान रहा है। मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए वे नई दिल्ली से केरल के पेरियार टाइगर रिजर्व तक लगभग सात हजार किलोमीटर लंबी प्रेरणादायक यात्रा कर चुके हैं। प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति उनके इस अतुलनीय योगदान के लिए देहरादून में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें प्रतिष्ठित %एंबेसडर अवॉर्ड% से सम्मानित किया गया था। उनकी राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी काफी सक्रिय रही है। वर्तमान में वे भारतीय जनता पार्टी के कला संस्कृति प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश सह संयोजक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम वर्ग प्रशिक्षित स्वयंसेवक हैं।

उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड से जनसंचार में स्नातकोत्तर और नवादा विधि महाविद्यालय से एलएल.बी. की डिग्री हासिल की है। कोविड-19 महामारी के दौरान लगभग दस हजार जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचाने तथा वर्ष 2018 में बिहार साइकिल यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश देने जैसे उनके सामाजिक कार्यों के लिए वर्ष 2021 में झारखंड सरकार द्वारा उन्हें %युथ लीडरशिप अवॉर्ड% से नवाजा जा चुका है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जिले में स्काउटिंग को नई ऊंचाइयां देने का संकल्प लिया है।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या–02, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–35 वर्ष 2026–27

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको / ख्याति प्राप्त फर्मों / कम्पनियों से दिनांक **04.11.2026** के अपराह्न 3.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न मे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मूल्य (रुपये में) – प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या–02, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

Sl No.	Name of Work/Specifiation
01-	Supply of Different Material For 01 Anney Marg, Patna for the Year 2026-27.
02-	Supply of Miscellaneous Materials For 01 Anney Marg and CM Sectt., Patna for the Year 2026-27.

- कार्य समाप्ति की अवधि :– 15 दिन।
- सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्ति की जानी है तथा आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
- विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या– 02, पटना।

PR- 014210 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जीवन में सबसे बड़ा धन मन की शांति : प्रभंजनानंद

नवादा। गाँधी इण्टर विद्यालय के प्रांगण में श्री राम कृष्ण कथा परिवार के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के प्रथम दिवस अयोध्या से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कथा व्यास पूज्य डा स्वामी प्रभंजनानंद शरण महाराज ने कहा जीवन में सबसे बड़ा धन पैसा नहीं, बल्कि मन की शांति, हृदय की पवित्रता और प्रभु श्रीराम के चरणों में अटूट विश्वास है। मनुष्य संसार में बहुत कुछ प्राप्त कर सकता है, लेकिन यदि उसके मन में संतोष, वाणी में मधुरता, व्यवहार में विनम्रता और हृदय में प्रभु के प्रति प्रेम नहीं है, तो जीवन की सारी उपलब्धियाँ अधूरी हैं। श्रीराम कथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीवन को सुंदर बनाने का मार्ग है। यह हमें सिखाती है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए, अपमान मिले तो धैर्य रखना चाहिए, कठिनाइयाँ आएँ तो विश्वास बनाए रखना चाहिए और सफलता मिले तो अहंकार से दूर रहना चाहिए।



बिहार सरकार

समाहरणालय, नवादा
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों / उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :–

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेचिस संख्या	मूल्यांकित राशि	अग्रधन की राशि	वाहन की अवस्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
01	गोविन्दपुर थाना	63/25	GLAMOUR MOTORCYCLE	DL4SCB/ 2380	1-Jun-12	JA06EJCG F16344	MBLJA06ACC GF162263	10000.00	1000.00	गोविन्दपुर थाना	मंजीत कुमार सिंह, पिता– शंभु नाथ सिंह, ग्राम–बी 3/163 व्लॉक बी 3 विजय इनक्लेभ, थाना– नई दिल्ली, (दिल्ली)–110045

1. विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा।

PR- 014218 (EXCISE) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।